समर एक्सप्रेस ब्रेकिंग | पक्खोवाल और सिधवां नहर रोड के फार्म हाउस में चला रहा जुआ

# खलनायक! VB ने पहले चलाया कैसिनो, अब शहर में करोड़ों का हाई प्रोफ़ाइल जुआ

**• नेता से लेकर रईसजादे खेल रहे फार्म हाउस में जुआ**

सुनील शिंगारू | लुधियाना

महानगर में कैसिनो चला चुके VB नाम का सफेदपोश आदमी इन दिनों लुधियाना में खुल कर जुआ खेलाने का धंधा कर रहा है। जुआ खेलाने के लिए यह आदमी पक्खोवाल रोड और सिधवां नहर रोड पर फार्म हाउस किराए पर ले रहा है। उक्त किराए के फार्म हाउस में शहर के नामी नेता और रईसजादे और उनके बच्चे धड़ल्ले से जुआ खेल रहे हैं। इससे पहले इसी सफेदपोश शख्स ने साउथ सिटी में कैसिनो बनाया था, लेकिन उसकी खबरें मीडिया में आने के बाद उसे बंद करना पड़ा था। उक्त व्यक्ति रोजाना फार्म हाउस के ठिकाने बदल-बदल कर हाई प्रोफ़ाइल जुआ खेलने के लिए बुला लेता है। जिसमें वह रोजाना जुआ खेलाने के बदले लोगों से खूब सारा रुपये बटौर रहा है। बड़ी बात यह है कि पुलिस और इंटेलिजेंस के आला अधिकारी उक्त व्यक्ति को रंगे हाथों पकड़ने के लिए लगातार निगाह टिकाए बैठे हुए हैं, जिसे जल्द ही गिरफ्त में लेने की बात भी छनकर सामने आ रही है।

## रोजाना होती है करोड़ों रुपयों की हार जीत

*किराए के फार्म हाउस पर जो भी लोग जुआ खेलने के लिए पहुंचते हैं, वह बड़े रसूखदार और मालदार असामी हैं। ऐसे में इन लोगों द्वारा रोजाना ही करोड़ों रुपयों की हार जीत होती है। जो लोग भी VB नाम के इस आदमी के किराए के फार्म हाउस पर जुआ खेलने के लिए जाते हैं, उनके खाने-पीने का प्रबंध भी वहां पर बखूबी किया जाता है।*

## • इंटेलिजेंस जुटा कर रही VB नामक आदमी की पूरी कुंडली

*जानकारी के मुताबिक इंटेलिजेंस विभाग के अधिकारियों को भी उक्त व्यक्ति के इस गोरख धंधे की जानकारी मिल चुकी है। इंटेलिजेंस विभाग के अधिकारी भी लगातार अपने गुप्त सूत्रों के हवाले से इस व्यक्ति की लोकेशन पर लगातार नजरें गड़ाएं बैठे हैं। सूत्रों का मानना है कि उक्त व्यक्ति द्वारा अब तक जितने भी फार्म हाउस किराए पर लिए जा चुके हैं, उन सभी का डाटा भी इंटेलिजेंस विभाग जुटाने में लगा हुआ है। यही नहीं उन लोगों का भी डाटा इकट्ठा किया जा रहा है, जो लोग इस सफेदपोश आदमी के किराए वाले फार्म हाउस पर जुआ खेलने के लिए जाते हैं।*

## • नेताओं और रसूखदारों के सम्पर्क में है किंगपिन

*जुआ खिलाने वाला यह VB नाम का किंगपिन बड़े नेताओं और रसूखदारों के संपर्क में है। बताया जा रहा है कि यह उन लोगों को रोजाना लोकेशन शेयर करता है, जो भी लोग जुआ खेलने के इच्छुक होते हैं। सूत्रों के मुताबिक यह भी पता लगा है कि हर व्यक्ति को रोजाना लोकेशन बदलकर ही जुआ खिलाया जाता है। जिन फार्म हाउस को किराए पर लेकर उनका जुआ खिलाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है उन फार्म हाउस के मालिकों को भी इसकी भनक तक नहीं कि वहां पर अवैध धंधा करवाया जा रहा है। यह भी पता चला है कि यह फार्म हाउस के मालिकों को पार्टी की बात कह कर फार्म हाउस किराए पर लेता है।*

# सरस मेले में सिंगर सरताज के शो के दौरान बेटिकट दर्शकों और पुलिस में झड़प




पीएयू में शो के दौरान पुलिस और दर्शकों के बीच झड़प होती।

अशवनी पाहवा\समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना स्थित पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में चल रहे सरस मेले के दौरान रविवार शाम उस वक्त माहौल गर्मा गया, जब टिकट न होने के कारण पुलिस और दर्शकों के बीच कहासुनी हो गई। यह झड़प इतनी बढ़ गई कि मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और सोशल मीडिया पर इस घटना की तस्वीरें तेजी से वायरल हो गईं। जानकारी के अनुसार, रविवार शाम पंजाबी गायक डॉ. सतिंदर सरताज का लाइव शो आयोजित किया गया था। जैसे ही सरताज मंच पर पहुंचे और गाना शुरू किया। इसी दौरान दर्शकों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। बड़ी संख्या में लोग गायक को देखने के लिए यूनिवर्सिटी परिसर में पहुंच गए। इस दौरान कुछ दर्शकों ने बिना टिकट अंदर जाने की कोशिश की, जिस पर तैनात पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसी बात को लेकर पुलिस और कुछ युवकों के बीच बहस शुरू हो गई, जो देखते ही देखते झड़प में बदल गई। वायरल हो रही तस्वीरों में स्पष्ट दिख रहा है कि पुलिसकर्मी और दर्शक आमने-सामने खड़े होकर एक-दूसरे से बहस कर रहे हैं।हालांकि मौके पर मौजूद अन्य अधिकारियों ने तुरंत स्थिति को संभाल लिया और भीड़ को काबू में किया गया। पुलिस का कहना है कि व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई की गई थी और किसी प्रकार की गंभीर चोट या नुकसान नही हुआ है, लोगो को समझा कर वापिस भेज दिया गया है।

# रियल एस्टेट सेक्टर को बड़ी राहत, सीएलयू के साथ नक्शा पास कराने की शर्त खत्म

समर न्यूज़ | लुधियाना

आम आदमी पार्टी सरकार ने फेस्टिव सीजन में रियल एस्टेट सेक्टर को बड़ी राहत दी है। अब किसी भी कॉलोनी, बिल्डिंग या कमर्शियल प्रोजेक्ट के लिए सी.एल.यू. (चेंज ऑफ लैंड यूज़) के साथ नक्शा पास करवाने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। सरकार का कहना है कि इससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा और उद्योग जगत को सुविधा मिलेगी। गौरतलब है कि 2023 में सी.एल.यू. के साथ नक्शा व लेआउट पास करवाने की शर्त लागू की गई थी। अब नए नोटिफिकेशन के तहत सी.एल.यू. मिलने के बाद अलग से नक्शा या लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आवेदन किया जा सकेगा। हालांकि पहले की तरह दोनों प्रक्रिया एक साथ पूरी करने का विकल्प भी खुला रहेगा।

**▪ 4 साल की डेडलाइन और 3 महीने में मंजूरी का नियम...** सरकार ने सी.एल.यू. की वैधता चार साल तय की है। इसमें पहले दो वर्ष तक सी.एल.यू. मान्य रहेगा और अतिरिक्त 20% शुल्क देने पर दो वर्ष की एक्सटेंशन दी जा सकेगी। साथ ही, किसी भी प्रोजेक्ट के लिए तीन महीने के भीतर मंजूरी देना अब अनिवार्य किया गया है। अधिकारियों को तय समयसीमा में फाइल क्लियर करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

**▪ मंत्री मुंडियां के साथ हुई बैठक,फैसले का किया स्वागत...** रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़ी कमेटी ने कैबिनेट मंत्री हरदीप मुंडियां के साथ बैठक की। इसमें एजीआई के सुखदेव सिंह, जनपथ के मोहिंदर गोयल, सुखमनी के रूपिंदर सिंह चावला और करण अरोड़ा सहित कई प्रतिनिधि मौजूद रहे। सदस्यों ने सरकार के फैसले का स्वागत किया और कहा कि जल्द ही जमीनी स्तर के फीडबैक के आधार पर नीति सुधार के सुझाव सरकार को सौंपे जाएंगे।

# बुलेट के पटाखे चलाना युवक को पड़ा महंगा, बाइक जब्त

**समर न्यूज़/ लुधियाना|** शहर मे एक युवक को बुलेट से पटाखे चलाना उस समय भारी पड़ गया, जब ट्रैफिक पुलिस ने उसका चालान काटने के साथ बाइक को जब्त कर लिया। कार्रवाई मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 207 के तहत की गई है। जानकारी के अनुसार, ए.एस.आई. दलजीत सिंह की टीम ने चेकिंग के दौरान युवक को रोका। उसकी बुलेट बाइक में मॉडीफाई साइलैंसर लगा हुआ था, जिससे तेज़ आवाज़ निकल रही थी। पूछताछ में युवक बाइक के किसी भी कागजात को मौके पर पेश नहीं कर पाया। पुलिस ने बताया कि वाहन में अवैध रूप से किए गए बदलाव, गलत नंबर प्लेट और नियमों की अवहेलना के चलते उसका चालान किया गया है। इसके बाद बाइक को थाना मोती नगर में जमा करवाया गया। ए.एस.आई. दलजीत सिंह ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस शहर में मॉडीफाई साइलैंसर और अन्य उल्लंघनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है।

# 31 तक मिलेगी पेनल्टी की आधी माफी, प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने वालों को राहत

समर न्यूज़ | लुधियाना

पंजाब सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने वालों के लिए राहत भरी घोषणा की है। मौजूदा वित्तीय वर्ष के टैक्स पर 10 फीसदी छूट की अंतिम तिथि भले ही 30 सितंबर को समाप्त हो चुकी है, लेकिन जिन्होंने पिछले वर्षों का बकाया टैक्स नहीं भरा है, उन्हें अब 31 अक्टूबर तक ब्याज और पेनल्टी में 50 प्रतिशत की माफी मिलेगी। गौरतलब है कि नियमित रूप से टैक्स जमा न करवाने वालों को 18 फीसदी ब्याज और 20 फीसदी पेनल्टी देनी पड़ती है। 2013 से अब तक टैक्स न भरने वाले उपभोक्ताओं पर यह राशि काफी बढ़ चुकी थी। ऐसे में लोकल बॉडीज विभाग ने लोगों को राहत देने के लिए "वन टाइम सेटलमेंट पॉलिसी" के तहत ब्याज-पेनल्टी माफी की योजना शुरू की थी, जिसकी समय सीमा पहले अगस्त में समाप्त हुई थी। अब विभाग ने दोबारा इस योजना का लाभ देने का फैसला किया है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग बकाया टैक्स जमा कर सकें। अधिकारियों का कहना है कि यह निर्णय न सिर्फ लोगों के लिए फायदेमंद है बल्कि निगम की आय में भी बढ़ोतरी करेगा।

**▪ रिकवरी में कमी से निगम चिंतित**

*नगर निगम ने सितंबर में 10 फीसदी छूट की योजना के तहत रिकॉर्ड रिकवरी की थी और टैक्स वसूली का आंकड़ा 123 करोड़ रुपये से पार पहुंच गया था। हालांकि मौजूदा वित्तीय वर्ष में निगम ने 160 करोड़ की वसूली का लक्ष्य रखा है, लेकिन हाल के 10 दिनों में मात्र 50 लाख रुपये की रिकवरी हुई है। निगम अधिकारियों का कहना है कि अब 31 अक्टूबर तक आधी पेनल्टी माफी योजना से लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि बकाया टैक्स वसूली में गति लाई जा सके।*

# 1526 में से 1376 फार्म लॉटरी के लिए अप्रूव हुए जिनमें से 64 की निकली पटाखा दुकान

**लुधियाना|** आखिरकार लुधियाना में पटाखें लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लॉटरी सिस्टम से अप्रूव की जाने वाली दुकानों की प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। 6 जगह के लिए 64 दुकानों की लॉटरी निकल गई है। इन 64 दुकानों के लिए 1526 आवेदन आए थे जिनमें से 1376 आवेदकों के ही फॉर्म मंजूर किए गए जबकि बाकी फॉर्म अधूरे होने के कारण बाहर निकाल दिए। सोमवार सुबह से ही इन मंजूर हुए 1376 आवेदकों के नाम लॉटरी में लोगों के सामने ही डाले गए। दोपहर को यह लॉटरी निकाली गई जिसमें से 64 लोगों को दुकान अलॉट कर दी गई है। यह 64 दुकान महानगर के अलग-अलग 6 जगह पर लगेंगी। अप्रूव की गई यह दुकानें कल सुबह से सजेगी जिनको दिवाली तक मंजूरी दी गई है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि इन अलॉट की गई दुकानों पर ही पटाखे बेचने की आजा रहेगी जबकि बाकी की दुकानों को अवैध माना जाएगा।

**▪ जिनकी निकली लॉटरी उनसे बड़े खरीददार कर रहे सौदेबाजी...** जिन लोगों की लॉटरी में दुकान अलॉट हुई हैं उनमें से कुछ लोगों के साथ उन लोगों ने सौदेबाजी करनी शुरू कर दी है जिनकी लाटरी में दुकान नहीं निकली। कारण है कि हर बार पटाखों की दुकान लगाने वाले पहले ही लाखों रूपों के पटाखे खरीद चुके हैं। ऐसे में अगर उनको दुकान नहीं मिलती तो उनको इन पटाखों को बेचने में काफी परेशानी आएगी। ऐसे में जिन लोगों की लॉटरी में दुकान निकली है उन लोगों से सौदेबाजी कर उनको लाखों रुपए देकर उनको अलॉट हुई दुकान पर यह बड़े विक्रेता पटाखे बेचेंगे।

# कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकालकर एडीजीपी पूरण को श्रद्धांजलि दी



दलजीत विक्की\समर न्यूज| लुधियाना

हरियाणा के पुलीस महानिदेशक को तत्काल प्रभाव से हटाकर और गिरफ्तार करने की मांग को लेकर पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिन्दर सिंह राजा वडिग निर्देश के बाद जिला प्रधान संजय तलवाड (पूर्व विधायक) के नेतृत्व मे जिला कांग्रेस कमेटी शहरी की वरिष्ठ लीडरशिप, औहदेदारो,ब्लॉक प्रधान ,वार्ड अध्यक्षो,पार्षदो,पूर्व पार्षदो, वार्ड इंचार्जा और वर्करो द्वारा टिब्बा रोड दफ्तर के बाहर हरियाणा के एडीजीपी आई पी एस वाई पूरण कुमार के सुसाइड मामले मे कैडल मार्च निकाला। इस अवसर पर संबोधित करते हुए जिला प्रधान संजय तलवाड़ ने कहा कि एडीजीपी पूरण कुमार भाजपा द्वारा अपनाई जा रही गलत नीतियो का शिकार हुए है भाजपा दलितो,पिछडे वर्गों,किसानो और अल्पसंख्यको को निशाना बना रही है ऐसे केसो मे पुलिस हमेशा सुसाइड नोट मे लिखे गए सभी नामो के खिलाफ मामला दर्ज कर के कारवाई करती है लेकिन चडीगड पुलिस जो कि सीधे केन्द्र मे भाजपा सरकार के अधीन है इस लिए चडीगड पुलिस ने अभी तक सभी आरोपीयो के नाम कारवाई के लिए दर्ज नही किए अगर एक दलित आई पी एस अधिकारी को न्याय नही मिल सकता तो आम आदमी को न्याय कैसे मिलेगा अगर पूरण कुमार के परिवार को इन्साफ न मिला तो कांग्रेस पार्टी भाजपा के खिलाफ इस संघर्ष को और तेज करेगी ताकि परिवार को जल्द इंसाफ मिल सके।

# महंत नारायण पूरी का देहांत... सांगला वाला शिवालय में समाधि की





महंत नारायण पूरी जी की देह को समाधि के लिए ले जाते हुए लोग

समर न्यूज़ | लुधियाना

सांगला वाला शिवालय के महंत नारायण पुरी जी का रविवार देर रात देहांत हो गया। महंत नारायण पुरी जी बीते कई महीनों से बीमार चल रहे थे। रविवार रात को उनके देहांत की खबर सुनकर धार्मिक व सामाजिक संगठन के लोगों में शोक की लहर फैल गई। रात को ही मंदिर में स्थित उनके घर पर लोग पहुंचे। वही सोमवार दोपहर को महंत नारायण पुरी जी की सांगला वाला शिवालय मंदिर में ही समाधि दी गई। इस मौके पर भी पंजाब के कई हिंदू संगठनों के प्रभारी पहुंचे। नारायण महंत पुरी जी लुधियाना ही नहीं पंजाब के कई हिंदू संगठनों के मार्गदर्शक माने जाते थे। किसी भी तरह के हिंदू संगठनों या फिर समाज के विवाद को लेकर वह लोगों को मार्गदर्शक बन कर रास्ता दिखाते थे और हल निकालते थे। महंत नारायण पुरी जी के इस दुनिया से चले जाने पर कई संगठन के लोगों ने शोक जताया। इस मौके पर हिंदू संगठन के प्रमुखों ने बताया कि उनका जाना पंजाब के सनातनियों के लिए एक बड़ा झटका है। महंत नारायण पुरी जी सांगला वाला शिवालय मंदिर में ही बीते कई सालों से सेवा कर रहे थे और वहीं पर उनका निवास स्थान था जहां पर वह अपने परिवार सहित रहते थे। बीते कई महीनो से उनकी सेहत खराब चल रही थी और उनका इलाज भी चल रहा था जिस दौरान रविवार रात को उनका देहांत हो गया।

# ढोलेवाल चौक पर स्लिप वे का निर्माण शुरू, भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक

समर न्यूज | लुधियाना



नगर निगम की ओर से ढोलेवाल चौक पर स्लिप वे का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जिसे पूरा होने में करीब 15 से 20 दिन लग सकते हैं। इसी के निर्माण कार्य के चलते ट्रैफिक पुलिस ने उक्त रास्ते पर भारी वाहनों की अवजाई बंद कर दी है। ट्रैफिक पुलिस की और से ढोलेवाल चौक की ओर जाने वाला रास्ता बदल दिया है ताकि शहर में जाम की स्थिति न बने। जानकारी के अनुसार, बसों सहित सभी भारी वाहनों को अब शेरपुर चौक से ही रोक दिया जाएगा। इन वाहनों को शेरपुर चौक से शिव चौक (कैंसर अस्पताल चौक) होते हुए आर.के. रोड और चीमा चौक की ओर से आगे भेजा जाएगा। जोन इंचार्ज इंस्पेक्टर दविंदर कौर ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस ने शहरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक विस्तृत डाइवर्जन प्लान तैयार किया है। इसके तहत मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर दिशा बोर्ड भी लगाए गए हैं, ताकि आम जनता को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। पुलिस अधिकारियों ने अपील की है कि लोग निर्माण कार्य के दौरान ट्रैफिक नियमों का पालन करें और निर्धारित मार्ग का ही उपयोग करें, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे।

**सख्ती • सड़क पर अतिक्रमण करने वालों पर निगम का डंडा, दर्जनों दुकानों का सामान जप्त, पार्किंग उल्लंघन पर भी कटे चालान**

# एक्शन मोड़ में तहबाजारी विंग... जाम का कारण बनने वाली दुकानों पर कार्रवाई

सुनील शिंगार\समर न्यूज़ | लुधियाना

निगम का तहबाजारी विंग इन दिनों एक्शन मोड़ में है। विंग के अधिकारियों द्वारा ऐसे लोगों के सामान जप्त किए जा रहे हैं जिन लोगों ने सड़क पर कब्जे किए हुए हैं और उनके कारण जाम लग रहा है। ऐसी ही कार्रवाई तहबाजारी विंग के अधिकारियों ने सोमवार को किताब बाजार, बिजली मार्केट व केसरगंज मंडी इलाका में की। वहां पर दर्जनों ही दुकानों के बाहर सड़क के बीचो-बीच पड़े सामान को जप्त किया गया और जाम का कारण बनने वाले पार्क हुए वाहनों के चालान काटे। विंग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के सीजन में लोगों को परेशानी ना हो इसके लिए यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि हमने बाजारों की सड़कों पर पीली लाइन बनाई है। इस पीली लाइन के अंदर अगर कोई दुकानदार सामान रखता है तो उस पर कार्रवाई नहीं की जाएगी। अगर कोई दुकानदार पीली लाइन के बाहर तक कब्जा करेगा तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।



नगर निगम अधिकारी सड़कों पर अवैध कब्जो पर कार्रवाई करते।

## किताब बाजार के रेहड़ी वाले पर दोहरी कार्रवाई

पिछले 40 सालों से किताब बाजार में सड़क के बीचो-बीच कब्जा कर समोसे टिक्की बेचने वाले रेहड़ी फड़ी वाले पर निगम अधिकारियों ने दोहरी कार्रवाई की। एक बार निगम अधिकारियों ने उक्त रेहडी वाले का सामान जप्त किया और कार्रवाई करते हुए आगे चले गए। करीब 1 घंटे बाद निगम अधिकारी वापस लौटे तो फिर वह दुकान सजी हुई थी जिसका सामान फिर से निगम अधिकारियों ने कब्जे में लिया। वही निगम अधिकारियों ने अब उक्त रेहडी वाले को दो टूक जवाब दिया कि अगर उसने फिर से रेहडी लगाई तो उस पर एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

## • इससे पहले भी कई इलाके में हुई कार्रवाई

बीते एक हफ्ते से तहबाजारी विंग द्वारा कई इलाकों में कार्रवाई की जा चुकी है। फील्ड गंज, शाहपुर रोड, सुभानी बिल्डिंग, चौड़ा बाजार इत्यादि इलाकों में निगम अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की गई। इस मामले में महानगर के सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने भी स्पष्ट किया था कि दुकानों के बाहर कई फुट तक कब्जे करने वाले दुकानदार खुद ही अपनी हरकतों से बाज आए। नहीं तो ऐसे दुकानदार कार्रवाई से नहीं बच सकते। उन्होंने अपने इन शब्दों को सत्य कर दिखाया और अब लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## • त्यौहारों के कारण ज्यादा जाम

त्योहारों के कारण इन दोनों लोग शॉपिंग करने के लिए मार्केट में पहुंच रहे हैं। ऐसे में जिन दुकानदारों ने सड़कों पर कब्जे किए हुए हैं उनके कारण जाम लग रहा है। कई बार तो जाम इतना भयंकर रूप धारण कर लेता है कि लोगों को सो 200 मीटर तक वहां लेकर जाना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे ही दुकानदारों पर कार्रवाई कर अब लोगों को जाम से निजात दिलवाने के लिए निगम अधिकारी कार्रवाई कर रहे हैं।

*जो दुकानदार येलो लाइन से बाहर सामान रख कब्जा करेंगे उन पर कार्रवाई होगी। दुकानदारों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए कि सड़कों पर ट्रैफिक का कारण ना बने। अगर लोग बाज नहीं आए तो उन पर एफआईआर भी दर्ज करवाई जाएगी।*
***विपन हांडा,** इंस्पेक्टर तहबाजारी विंग*